भारत सरकार

कोयला मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 1441

जिसका उत्तर 02 अगस्त, 2021 को दिया जाना है

कोयला खदानों की अल्प-उपयोगिता

1441. श्रीमती फूलो देवी नेतम:
श्री शक्तिसिंह गोहिल:
श्री दिग्विजय सिंह:
श्री जी.सी. चन्द्रशेखर:

क्या **कोयला मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार भारत की मौजूदा कोयला खदानों की अल्प-उपयोगिता से अवगत है और क्या इस उपयोगिता को बढ़ाने के लिए कोई कार्रवाई की गई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) वर्ष 2014 से आज की तारीख तक सार्वजनिक क्षेत्र के उन उपक्रमों का जिन्हें कोयला ब्लॉक आवंटित किए गए थे और इस अवधि के दौरान खदानों के रद्द किए गए आवंटन का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संसदीय कार्य, कोयला एवं खान मंत्री

(श्री प्रल्हाद जोशी)

(क) और (ख): जी, हां। सरकार भारत में मौजूदा कोयला खानों की अल्प-उपयोगिता से अवगत है। कम क्षमता उपयोग के मुख्य कारण भूमि अधिग्रहण में देरी, कुछ खानों में ईसी प्रतिबंध, कुछ वर्षों के लिए लंबे समय तक या अत्याधिक वर्षा होना, अप्रत्याशित भूवैज्ञानिक व्यवधान, ओबी रिमुवल से जुड़े कुछ ठेकेदारों का खराब कार्य-निष्पादन, कोविड-19 महामारी आदि हैं। खानों की दक्षता में सुधार के लिए निम्नलिखित कदम उठाए जा रहे हैं:

(i) इन परियोजनाओं की सरकार और कोयला कंपनियों द्वारा नियमित रूप से निगरानी की जाती है और परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने के लिए आवश्यक कार्रवाई शुरू की जाती है। ईसी, एफसी, भूमि अधिग्रहण और आर एंड आर से संबंधित मुद्दों के शीघ्र समाधान के लिए जिला और राज्य स्तर पर सख्त अनुवर्ती कार्रवाई की जाती है।

(ii) अनुमति, अनापत्तियां, भूमि अधिग्रहण प्राप्त करने के लिए नियमित रूप से संपर्क किया जा रहा है।

(iii) उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने के लिए जहां भी संभव हो उच्च क्षमता वाली एचईएमएम लगाई जा रही हैं।

(iv) ओबी रिमुवल और कोयला ढुलाई के ठेके पहले ही दिए जा रहे हैं।

(ग): 2014 से आज की तारीख तक सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (पीएसई), जिन्हें कोयला ब्लॉक आवंटित किए गए थे, का विवरण और इस अवधि के दौरान पीएसई को आवंटित की गई खानों को रद्द किए जाने का विवरण अनुबंध में संलग्न है।

****

अनुबंध

2014 से आज की तारीख तक सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (पीएसई), जिन्हें कोयला आवंटित किए गए थे, का विवरण और इस अवधि के दौरान पीएसई को आवंटित की गई खानों को रद्द किए जाने का विवरण।

i) 2014 से आज की तारीख तक उन सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (पीएसई) का वर्ष-वार विवरण जिन्हें कोयला ब्लॉक आवंटित/नीलाम/निहित किए गए थे:

क्र. सं.	कोयला खान का नाम	राज्य	आवंटिती	आवंटन /नीलामी/ निहित करने का वर्ष
1-2	परसा ईस्ट, कांता बसानो	छत्तीसगढ	राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड	2015
3	गारे पाल्मा सेक्टर I	छत्तीसगढ	गुजरात राज्य विद्युत निगम लिमिटेड	2015
4	गारे पाल्मा सेक्टर II	छत्तीसगढ	महाराष्ट्र राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड	2015
5	गारे पाल्मा सेक्टर III	छत्तीसगढ	छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड	2015
6-7	गिधमुरी , पटुरिया	छत्तीसगढ	छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड	2015
8	परसा	छत्तीसगढ	राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड	2015
9	तलाईपल्ली	छत्तीसगढ	नेशनल थर्मल पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड	2015
10	टूबेड	झारखंड	दामोदर घाटी निगम	2015
11	पछवाड़ा सेंट्रल	झारखंड	पंजाब स्टेट पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड	2015
12	पछवाड़ा नॉर्थ	झारखंड	पश्चिम बंगाल पावर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड	2015
13	बादाम	झारखंड	बिहार राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड	2015
14	बनहार्डीह	झारखंड	झारखंड ऊर्जा उत्पादन निगम लिमिटेड	2015
15-16	चट्टी बरियातू, चट्टी बरियातू साउथ	झारखंड	नेशनल थर्मल पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड	2015
17	केरंदारी	झारखंड	नेशनल थर्मल पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड	2015
18	राजबर डी एंड ई	झारखंड	तेनुघाट विद्युत निगम लिमिटेड	2015
19	सहरपुर जमारपानी	झारखंड	यूपी राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड	2015
20	अमेलिया	मध्य प्रदेश	टिहरी हाइड्रो डेवलपमेंट कॉरपोरेशन इंडिया लिमिटेड	2017
21-26	बरंज I, बरंज II, बरंज III, बरंज IV, मनोरा डीप एवं किलोनी	महाराष्ट्र	कर्नाटक पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड	2015
27	बैतरिणी पश्चिम	ओडिशा	ओडिशा माइनिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड	2016
28	तालाबीरा II और III	ओडिशा	नेवेली लिग्नाइट कॉर्पोरेशन लिमिटेड	2018
29-30	उत्कल- ई, उत्कल-डी	ओडिशा	नेशनल एल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड	2016
31	दुलंगा	ओडिशा	नेशनल थर्मल पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड	2015
32-33	मनोहरपुर और मनोहरपुर डिपसाइड	ओडिशा	ओडिशा कोल एंड पावर लिमिटेड	2015
34	नैनी	ओडिशा	सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड	2015
35	तदिचेर्ला-I	तेलंगाना	तेलंगाना राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड	2015
36	बरजोरा	पश्चिम बंगाल	पश्चिम बंगाल विद्युत विकास निगम लिमिटेड	2015

37	बरजोरा (नॉर्थ)	पश्चिम बंगाल	पश्चिम बंगाल विद्युत विकास निगम लिमिटेड	2015
38-39	गंगारामचक , गंगारामचक भदुलिया	पश्चिम बंगाल	पश्चिम बंगाल विद्युत विकास निगम लिमिटेड	2015
40	खगरा जॉयदेव	पश्चिम बंगाल	दामोदर घाटी निगम	2015
41-42	तारा पूर्व और पश्चिम	पश्चिम बंगाल	पश्चिम बंगाल विद्युत विकास निगम लिमिटेड	2015
43	पाताल पूर्व	झारखंड	झारखंड राज्य खनिज विकास निगम लिमिटेड	2016
44	पेनगडप्पा	तेलंगाना	सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड	2016
45	सुलियारी	मध्य प्रदेश	आंध्र प्रदेश खनिज विकास निगम लिमिटेड	2016
46-47	कोटरे बसंतपुर और पचमो	झारखंड	सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड	2019
48	मदनपुर दक्षिण	छत्तीसगढ	आंध्रप्रदेश खनिज विकास निगम लिमिटेड	2016
49	गौरांगडीह एबीसी	पश्चिम बंगाल	पश्चिम बंगाल खनिज विकास एवं व्यापार निगम लिमिटेड	2016
50-51	दुर्गापुर-II तराईमार और दुर्गापुर-II सरया	छत्तीसगढ	कर्नाटक पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड	2020
52	न्यू पत्रापारा	ओडिशा	सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड	2019
53	सुगिया क्लोज्ड माइन	झारखंड	झारखंड राज्य खनिज विकास निगम लिमिटेड	2020
54	रोहने	झारखंड	राष्ट्रीय खनिज विकास निगम लिमिटेड	2019
55	रबोध	झारखंड	राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड	2019
56	ब्रह्मदिहा	झारखंड	आंध्र प्रदेश खनिज विकास निगम लिमिटेड	2021
57	अमरकोंडा मुर्गदंगल	झारखंड	ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड	2019
58	पूर्वी दानागोरिया	पश्चिम बंगाल	भारत कोकिंग कोल लिमिटेड	2019
59	केंटे एक्सटेंशन	छत्तीसगढ	राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड	2015
60	बनई	छत्तीसगढ	नेशनल थर्मल पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड	2015
61	भालुमुदा	छत्तीसगढ	नेशनल थर्मल पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड	2015
62	सुरपाल-नुआपारा	ओडिशा	आंध्र प्रदेश पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड	2016
63	चंद्रबिला	ओडिशा	तमिलनाडु जनरेशन एंड डिस्ट्रीब्यूशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड	2016
64	महाजनवाडी	महाराष्ट्र	महाराष्ट्र राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड	2016
65	कल्याणपुर-बादलपाडा	झारखंड	हरियाणा पॉवर जनरेशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड	2016
66	केरवा	छत्तीसगढ	केरवा कोल लिमिटेड	2016
67	ब्राह्मणी	ओडिशा	ओडिशा खनिज विकास कंपनी	2016
68	पचवाड़ा दक्षिण	झारखंड	मैसर्स नेवेली उत्तर प्रदेश पावर लिमिटेड	2016
69	दोओचा पचमी देवानगंज हरिनसिंघा	पश्चिम बंगाल	पश्चिम बंगाल विद्युत विकास निगम लिमिटेड	2018
70	ट्रांस दामोदरी	पश्चिम बंगाल	दुर्गापुर प्रोजेक्ट्स लिमिटेड	2015
71	ब्राह्मणी	झारखंड	ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड	2019
72	चिच्रो पात्सिमल	झारखंड	ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड	2019
73	उत्कल ए	ओडिशा	कोल इंडिया लिमिटेड	2018

74	डोंगरी ताल II	मध्य प्रदेश	गोवा औद्योगिक विकास निगम	2019
75	उत्तर अरखापाल श्रीरामपुर (दक्षिणी भाग) - हाफ माइन	ओडिशा	कोल इंडिया लिमिटेड	2020
76	मंदाकिनी	ओडिशा	कर्नाटक पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड	2020
77	तोकिसुद नॉर्थ	झारखंड	राष्ट्रीय खनिज विकास निगम लिमिटेड	2020

ii) इस अवधि के दौरान पीएसई को आवंटित कोयला खानों को समाप्त करना/आवंटन रद्द करना/निरस्त करने का वर्ष-वार विवरण:

क्र.सं.	**कोयला ब्लॉक का नाम**	**निरस्त करना / रद्द करना / समाप्त करने का वर्ष**	**कोयला खान का स्थान**	**आवंटिती (निरस्त करने/समाप्त करने से पहले)**
1	दहेगांव/मकरढोकरा -IV	2017	महाराष्ट्र	महाराष्ट्र राज्य खनन निगम लिमिटेड
2	सीतानाला	2018	झारखंड	स्टील अथॉरिटी इंडिया लिमिटेड
3	परबतपुर सेंट्रल	2019	झारखंड	स्टील अथॉरिटी इंडिया लिमिटेड
4	बिजहान	2021	ओडिशा	कोल इंडिया लिमिटेड
5	मंदाकिनी बी	2021	ओडिशा	नेशनल थर्मल पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड
6	नार्थ अरखापाल श्रीरामपुर (उत्तरी भाग)	2021	ओडिशा	तालचर फर्टिलाइजर लिमिटेड
7-8	रम्पिया और डिप-साइड ऑफ़ रम्पिया	2021	ओडिशा	कोल इंडिया लिमिटेड
9	कस्ता ईस्ट	2021	पश्चिम बंगाल	पश्चिम बंगाल विद्युत विकास निगम लिमिटेड
10	टेंटुलोई	2019	ओडिशा	ओडिशा थर्मल पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड
11	कुडानाली-लुबुरीक	2019	ओडिशा	नेशनल थर्मल पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड और जम्मू और कश्मीर राज्य विद्युत विकास निगम लिमिटेड
12	गोंडबहेड़ा उज्जैनी	2017	मध्य प्रदेश	मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड
13	उत्कल सी	2020	ओडिशा	गुजरात राज्य विद्युत निगम लिमिटेड

iii) कोल इंडिया लिमिटेड और इसकी सहायक कंपनियों को आवंटित किए गए कोयला ब्लॉक/आवंटित करने का निर्णय लिए जाने वाले कोयला ब्लॉकों तथा बाद में सरेंडर किए गए कोयला ब्लॉकों का विवरण:

क्र. सं.	**कोयला ब्लॉक का नाम**	**कोयला ब्लॉक का स्थान**	**सीआईएल की सहायक कंपनी**	**सीआईएल के दिनांक 30.11.2017 के प्रस्ताव के अनुसार पीआरसी (एमटीपीए)**	**जिस तारीख को सीबीडीपीए ने हस्ताक्षर किए**
1	धूलिया नॉर्थ	झारखंड	भारत कोकिंग कोल लिमिटेड	35	ब्लॉकों को सरेंडर किया जाना 11.12.2020 को स्वीकार किया गया
2	मिर्जागांव	बिहार		30	

***